कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री कमलेश कुमार चौधरी पुत्र श्री रामेश्वर प्रजापत ग्राम पोस्ट भावता तहसील बसवा जिला दौसा (राज0) 303325

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा

अपील सं0 61/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 17.12.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से दिनांक 26.06.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा आवेदक का प्रा0 पत्र उनके पत्रांक 581–583 दिनांक 26.06.2018 से प्रभारी अधिकारी (न्याय शाखा) कलक्ट्रेट दौसा को सचना उपलब्ध कराने हेतु भिजवाया गया। प्रभारी अधिकारी (न्याय शाखा) कलक्ट्रेट दौसा द्वारा उनके पत्रांक 8824 दिनांक 19.11.2018 द्वारा आवेदक को उनके द्वारा अंकित पत्र दिनांक 15.06.2018 जो मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, दौसा व उपखण्ड मजिस्ट्रेट, बॉदीकुई को जॉच करने हेतु लिखा जाकर जॉच रिपोर्ट चाही गई है की प्रति संलग्न भिजवाई गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अभी तक प्रकरण की जॉच प्राप्त नहीं हुई। इसलिए अपीलांट को चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध नहीं हुई है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। प्रभारी अधिकारी (न्याय शाखा) कलक्ट्रेट दौसा को निर्देश दिये जाते है कि संबंधित विभाग से प्रकरण की जॉच करवाई जाकर शीध्रातिशीघ्र अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा